एपीजे इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस में इंटरनैशनल पाई दिवस आयोजित

- **पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने हुनर और कल्पना का किया बखूबी प्रदर्शन**
- **विजेता छात्रों के पोस्टरों को संस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किया जाएगा शो-केस**

सवेरा न्यूज/सतीश शर्मा

जालंधर, 16 मार्च : महानगर के ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस में वीरवार को 'इंटरनैशनल पी.आई. दिवस' आयोजित किया गया। इस दिन को यादगार और खास बनाने के मकसद से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। यह प्रतियोगिता 'गणित सबके लिए' विषय पर आयोजित हुई। इसमें संस्थान के छात्रों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए एक से बढ़कर एक पोस्टर तैयार किया। छात्रों ने अपने भीतर की काल्पनिक शक्ति के साथ एक से बढ़कर एक पोस्टर किया। कुछ इस तरह से छात्रों ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। संस्थान और आयोजन समिति काफी हद तक अपने इस मकसद में कामयाब भी होती दिखाई दी। इसी बीच संस्थान के डायरैक्टर डा. राजेश बग्गा ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले छात्रों के हुनर की जमकर तारीफ की। साथ ही साथ उन्होंने संस्थान के अन्य छात्रों को भी समय-समय पर आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने को प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में छात्रा नेहा और राहुल ने पहला तथा रिशिता और विराज ने दूसरा स्थान अर्जित किया। उन्होंने बताया कि विजेता छात्रों की ओर से तैयार किए गए पोस्टरों को